प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
19.05 गुरूवार दिनांक 27.06.2024

मुख्य समाचारः–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि सरकार पेपर लीक की निष्पक्ष जांच और दोषियों के लिए कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध।
- मुख्यमंत्री ने आज से शुरू किया ''जनदर्शन'' कार्यक्रम–श्री साय ने जनसामान्य से मिले आवेदनों का तत्परता से निराकरण करने के विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश।
- नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव की तैयारियां शुरू–राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बैठक लेकर परिसीमन की प्रक्रिया को समय–सीमा के भीतर पूरा करने को कहा।
- बीजापुर जिले में पुलिस ने सात माओवादियों को किया गिरफ्तार।

राष्ट्रपति–पेपर लीक जांच

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि सरकार पेपर लीक की निष्पक्ष जांच और दोषियों के लिए कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार परीक्षा–संबंधित निकायों, उनके कामकाज और परीक्षा प्रक्रिया के सभी पहलुओं में बड़े सुधारों की दिशा में काम कर रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि चाहे प्रतियोगी परीक्षाएं हों या सरकारी भर्ती की प्रक्रिया सभी में पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी की आवश्यकता है।

उधर, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने नीट–यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं के संबंध में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इन दोनों आरोपियों को बिहार के पटना से हिरासत में लिया गया। नीट–यूजी प्रश्न पत्र लीक मामले की आधिकारिक तौर पर सीबीआई जांच कर रही है।

जनदर्शन कार्यक्रम–01

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज से ''जनदर्शन'' कार्यक्रम शुरू कर दिया है। आज पहला साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित किया गया। इस दौरान प्रदेशभर से बड़ी संख्या में आए नागरिकों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी समस्याओं और अपेक्षाओं से उन्हें अवगत कराया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने जनसामान्य से मिले आवेदनों का तत्परता से निराकरण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री से मुलाकात के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं भी आई थीं। उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रदेश में महतारी वंदन योजना शुरू करने के लिए बधाई दी और कहा कि इस योजना से मिलने वाली राशि से उन्हें अपने जरूरी कामों को पूरा करने में मदद मिली है। इस दौरान मुख्यमंत्री से दिव्यांगजनों ने मुलाकात कर अपनी समस्या से अवगत कराते हुए सहायक उपकरण की मांग की। इस पर मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता दिखाते हुए दिव्यांगजनों को मौके पर ही व्हीलचेयर, मोटराइज्ड ट्रायसायकल, कृत्रिम पैर, बैटरी चलित सायकल सहित अन्य सहायक उपकरण वितरित किए।

जनदर्शन कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। इनमें स्वास्थ्य कियोस्क कर्मचारी संगठन, जी.एन.एम. प्रशिक्षण प्राप्त नर्सिंग प्रतिनिधिमंडल, महाविद्यालयीन अतिथि व्याख्यातों का प्रतिनिधिमंडल, छत्तीसगढ़ छात्र संगठन और अनियमित कर्मचारी संगठन शामिल हैं।

<u>जनदर्शन कार्यक्रम–02</u>

वहीं, स्वच्छता निरीक्षक के प्रतिनिधिमंडल ने स्वच्छता निरीक्षकों की भर्ती की मांग की। धोबी महासंघ ने भी श्री साय से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इसी तरह, बीएड प्रशिक्षण लेने वाले छात्रों और बस्तर संभाग से आए शिक्षकों ने भी मुख्यमंत्री से भेंट की।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री साय जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से प्रत्येक गुरूवार को सुबह ग्यारह बजे से दोपहर एक बजे तक आम लोगों से रूबरू होंगे। जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत की जाने वाली आवेदनों को पंजीबद्ध करने के साथ ही इसे जनदर्शन पोर्टल में अपलोड किया जाएगा। इस पोर्टल में दर्ज

आवेदनों की मॉनिटरिंग सीधे मुख्यमंत्री करेंगे। आम जनता से मिले आवेदनों का निराकरण संबंधित विभाग द्वारा समय–सीमा में कर इसकी जानकारी आवेदक को दी जाएगी।

<u>मुख्य न्यायाधीश–आवास लोकार्पण</u>

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने कांकेर जिले के सिंगारभाट और पखांजूर में न्यायिक कर्मचारियों के लिए नवनिर्मित आवास गृहों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोकार्पण किया। इस मौके पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि राज्य के न्यायालयों को बुनियादी ढांचा प्रदान करने की पहल की गई है। इसी कड़ी में यह लोकार्पण हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिला मजिस्ट्रेट यह सुनिश्चित करें कि नवनिर्मित न्यायिक आवासीय मकानों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों।

<u>निर्वाचन आयोग–तैयारी</u>

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने आगामी नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव की तैयारियां को लेकर आज अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने वार्डों के परिसीमन की प्रक्रिया के संबंध में चर्चा करते हुए अधिकारियों को समय–सीमा के भीतर परिसीमन का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। श्री सिंह ने बैठक के दौरान मतदाता सूची के अलावा मतदान केन्द्र और मतदानकर्मियों की आवश्यकता को लेकर जरूरी तैयारियां सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

<u>पीडब्ल्यूडी–दिशा/निर्देश</u>

राज्य सरकार ने लोक निर्माण विभाग के कार्यों में तेजी लाने और समय–सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए निविदा को लेकर नये दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रमुख अभियंता से लेकर सभी कार्यपालन अभियंताओं को परिपत्र जारी किया गया है। जारी परिपत्र में कहा गया है कि निविदा आमंत्रण के पूर्व कार्यपालन अभियंता को यह प्रमाणित करना होगा कि सड़क निर्माण के लिए सड़क की प्रस्तावित कुल लंबाई की नब्बे प्रतिशत लंबाई व्यवधानरहित है। विभाग ने भवन निर्माण के लिए सौ प्रतिशत

व्यवधानरहित भूमि उपलब्ध होने के बाद ही निविदा आमंत्रण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। परिपत्र में कहा गया है कि सेतु कार्यों के पहुंच मार्ग के लिए नब्बे प्रतिशत लंबाई बाधारहित होने पर ही निविदा आमंत्रण की कार्यवाही की जाए।

श्रमिक–राशि स्वीकृत

श्रम विभाग की कल्याणकारी योजनाओं के तहत राज्य के चवालीस हजार से अधिक श्रमिक परिवारों के खाते में उनतीस करोड़ रूपये से अधिक की राशि जारी की जाएगी। इसके लिए विभाग द्वारा राशि स्वीकृत कर दी गई है।

श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने अधिकारियों को निर्देशित किया था कि विभाग की अलग–अलग छह योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले। इसी कड़ी में महतारी जतन योजना के तहत प्रदेश के पंजीकृत छह हजार से अधिक महिला श्रमिकों के खाते में बीस–बीस हजार रूपये की राशि दी जाएगी। इसी तरह, प्रदेश के श्रमिक परिवारों के बच्चों के गणवेश, पुस्तक और कॉपी खरीदने के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इसके तहत कक्षा पहली से आठवीं तक के लिए प्रत्येक बच्चे को एक हजार और कक्षा नवमीं से बारहवीं तक के लिए दो हजार रूपये की सहायता राशि दी जाती है। नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के तहत इस साल प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा के लिए सोलह हजार श्रमिक बच्चों को छात्रवृत्ति मिलेगी।

गरियाबंद–डायलिसिस यूनिट

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कल गरियाबंद के कोविड अस्पताल में बनाए गए जिले के किडनी पीड़ित मरीजों के लिए दस बिस्तर के डायलिसिस यूनिट का शुभारंभ किया। इसके अलावा श्री जायसवाल ने गरियाबंद अस्पताल के मरीजों के लिए तीन और सुपेबेड़ा के मरीजों के लिए एक एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में बनाए गए प्रयोगशाला कक्ष सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जल्द ही सुपेबेड़ा में दो नये डायलिसिस केन्द्र की स्थापना की

जाएगी। श्री जायसवाल ने बताया कि तेल नदी से पानी की सप्लाई कर उसे फिल्टर प्लांट के माध्यम से शुद्ध कर गांव में प्रत्येक घर तक पानी पहुंचाने का काम किया जाएगा।

माओवादी गिरफ्तार

बीजापुर जिले में पुलिस ने भैरमगढ़ थाना क्षेत्र से सात माओवादियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो माओवादियों पर एक–एक लाख रूपये का इनाम घोषित था। मिली जानकारी के अनुसार भैरमगढ़ थाना से डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी की टीम तलाशी अभियान पर निकली थी। इस दौरान केसामुंडीपारा केशकुतुल, सुराखाड़ा केशकुतुल और तुरेनार से सात माओवादियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। इनके पास से विस्फोटक सामग्री, टंगिया, पाम्पलेट–बैनर और अन्य माओवादी सामग्रियां बरामद की गई हैं।

सौम्या चौरसिया–याचिका खारिज

कथित कोयला घोटाला मामले में गिरफ्तार निलंबित उप सचिव सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका को प्रथम एडीजे न्यायालय ने खारिज कर दिया है। न्यायालय ने जमानत याचिका खारिज करते हुए लिखा है कि केस डायरी में उल्लेखित सामग्री से अपराध में अभियुक्ता की प्रथम दृष्टि संलिप्तता दिखती है। ऐसे में जमानत का लाभ देने पर जांच प्रभावित करने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। वहीं, इसी मामले में गिरफ्तार हेमंत और चंदप्रकाश जायसवाल की पुलिस रिमांड एक जुलाई तक बढ़ा दी गई है।

उधर, महादेव सट्टा ऐप मामले में एसीबी–ईओडब्ल्यू की विशेष अदालत ने जेल में बंद दस आरोपियों की न्यायिक रिमांड दस जुलाई तक बढ़ा दी है।

शिक्षक–कार्रवाई

बिलासपुर जिले में जिला शिक्षा अधिकारी टी.आर. साहू ने स्कूलों से लंबे समय से अनुपस्थित पांच शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया है। वहीं, ग्यारह शिक्षकों के खिलाफ सेवा समाप्ति की अनुशंसा की गई है।

इसके अलावा नौ शिक्षकों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि तीन वर्ष से ज्यादा समय से अनुपस्थित रहने वालों की सेवा समाप्ति और तीन साल से कम अवधि वालों के विरूद्ध विभागीय जांच की कार्रवाई की जा रही है।

जवान–खुदकुशी प्रयास

बीजापुर जिले में स्थित सीएएफ कैम्प रामपुरम में एक जवान ने सर्विस रायफल से खुद को गोली मार ली है। इस हादसे में जवान घायल हो गया है। उसे भोपालपट्टम के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। फिलहाल जवान की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। घायल जवान मनोज दिनकर जांजगीर–चांपा जिले के ग्राम भोगांव का रहने वाला है।

कृषि–कार्यशाला

रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में कल अट्ठाईस जून से छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के कृषि विज्ञान केन्द्रों की तीन दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम शामिल होंगे। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर गिरीश चंदेल करेंगे। यह कार्यशाला इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

- राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में एरिया पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता श्रीमंत झा ने मुलाकात की।
- वहीं, राज्यपाल से छत्तीसगढ़ भारतीय शिक्षण मंडल के अध्यक्ष डॉक्टर राजेन्द्र लकपाले के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने भी सौजन्य भेंट की।

- राजधानी रायपुर में स्थित खादी ग्रामोद्योग कार्यालय में आज दोपहर बाद अचानक आग लग गई। सूचना मिलने पर जिला प्रशासन और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इस घटना में किसी भी तरह की जनहानि की सूचना नहीं है।

- राजनांदगांव जिले में डायरिया से बचाव के लिए आगामी एक जुलाई से विशेष पखवाड़ा शुरू होगा। इस दौरान लोगों को मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया जाएगा।

<><><><><><>